हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


11 आज जटमाई, घटारानी और चिंगरापगार के पर्यटन...


12 पुरनापानी के ग्रामीण, आजादी के बाद भी वर्षों...



## खबर संक्षेप

### खुटेरी गांव में आज लगेगा मड़ई मेला

**छुईहा बेलर।** समीपस्थ ग्राम खुटेरी में 1 जनवरी को वार्षिक मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम अध्यक्ष गया राम सेन कहा कि कार्यक्रम सुबह से ग्राम देवी देवता की पूजा के साथ शुभारंभ होगा। इस अवसर पर मड़ई बैरक एवं राउत नाचा विशेष आकर्षण होंगे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता पूर्व सासंद चन्दूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू,भागवत हरित होंगे।

### छुईहा में संकल्प यात्रा आज संतोष उपाध्याय होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 1 जनवरी को ग्राम पंचायत छुईहा पहुंचेगी। सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा ने बताया की केन्द्र एंव राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वचिंत रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने व नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों की जानकारी आम जनो तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शविर 1 जनवरी को फिंगेश्वर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत छुईहा पहुंचेगी। जहां शासन के समस्त विभागों के स्टाल लगेंगे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से राजिम विधानसभा क्षेत्र के पुर्व विधायक संतोष उपाध्याय होगें।

### सहस्त्राबाहु जयंती कल विधायक होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** ग्राम छुईहा में सिन्हा कलार समाज के तत्वावधान में 2



जनवरी को राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाई जाएगी। हिम्मत सिन्हा ने बताया की दोपहर 12 बजे सत्यनारायण कथा, 1 बजे भगवान की शोभायात्रा व कलशयात्रा निकाली जायेगी। 2बजे कलशयात्रा का कार्यक्रम स्थल में आगमन और महारती होगें। 3 बजे अतिथि आगमन आगमन, स्वागत और उद्बोधन होगें। कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता कलार समाज जिला अध्यक्ष गरियाबंद अवध सिन्हा, विशिष्ट अतिथि परिक्षेत्र अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, सरपंच छुईहा गजेश्वर सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, समाजिक प्रांति कार्यकारणी सदस्य हूकुम सिन्हा,जिला सलाहकार दूर्गा राम सिन्हा, जिला कोष निरक्षक राजेश ,वरिष्ट समाजिक नरोत्तम सिन्हा, ग्राम छुईहा कलार समाज, युवक- युवती, महिलाएं व पुरूष शामिल होगें।

### किरवई मंडल में पहुंचा अयोध्या का अक्षत

**राजिम।** श्री राम जन्मभूमि



अयोध्या तीर्थ क्षेत्र द्वारा आमंत्रण स्वरूप भेजा गया अक्षत ग्राम किरवईं, पितईबंद, बकली, रावड़, अरंड, धमनी, पिपरछेड़ी, कोमा, कुम्हीं, सेम्हरतरा, बिनौरी, पुरैना, बोरसी पहुंचा। इसे लेकर आए बजरंग दल के पूर्व प्रांत सुरक्षा प्रमुख तुषार कदम ने कहा कि दुनिया की अन्य सभ्यताएं अपनी धरोहरों को विदेशी आक्रांताओं से बचाने में अक्षम रहे। वहीं हिंदू समाज ने 500 वर्षों तक अथक संघर्ष कर अपने आराध्य भगवान श्रीराम की जन्मभूमि को मुक्त करवाया। आज जब उस पावन भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है तो हिंदू समाज का कोई भी व्यक्ति इस दिव्य आयोजन से अछूता नहीं रहना चाहिए। 22 जनवरी को दीपावली की तरह दिए जलाकर लाइटिंग कर पर्व के रूप में मनाना है। अक्षत कलश के साथ मुकेश साहू, प्रखंड मंत्री वीएचपी, सुरेश साहू जिला सह मंत्री, लोकेश साहू ,राजा साहू, हुमन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# शिक्षक अपने वेतन से बच्चों के लिए कर रहे मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

शासन द्वारा प्राथमिक और मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए माध्यन भोजन की व्यवस्था मुफ्त में किया जाता है। हाईस्कूलों के बच्चों के लिए माध्यन भोजन के व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकांश छात्र -छात्रएं शिक्षा से वंचित हो रहे थे। ऐसे में एक शिक्षक गोंविद पटेल ने अपने स्वंय के वेतन से हाई स्कूल के बच्चों के लिए माध्यन भोजन की व्यवस्था रेगुलर कर एक मिशाल कायम किया है। जब इसके बारे में धीरे - धीरे लोगों को पता चला तो अब लोग भी उनके इस पुनित कार्य में हाथ बढ़ा रहे है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से 05 किलोमीटर दूर ग्राम देहारगुडा स्थित शासकीय हाई स्कूल में कुल दर्ज संख्या 63 है। और यहां प्रभारी प्राचार्य गोंविद ▶▶| शेष पेज 10 पर

## गोंविद पटेल के कार्यों का क्षेत्र के लोगों ने खुले मन से कर रहे प्रशंसा

### मेधावी बच्चों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था

इस विद्यालय में शिक्षक गोंविद पटेल द्वारा अपने खर्च पर अनेक देश भक्ति व अच्छे पुस्तकों की व्यवस्था लाईब्रेरी में किया गया है साथ ही हिंदी और अंग्रेजी अखबार की भी व्यवस्था किया गया बच्चे यहा लाईब्रेरी में पढाई करते दिखाई देते है और तो और उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए 3 हजार एक रूपये, 2 हजार एक रुपये व 1 हजार एक रूपये एवं शिल्ड व नगद की व्यवस्था भी किया गया है।







### कोचिंग व अवकाश के दिनों एक्स्ट्रा क्लास की व्यवस्था

शिक्षक गोविंद पटेल की लगन से अब इस विद्यालय के 63 बच्चों को माध्यन भोजन के अलावा उन्हे अवकाश के दिनों में भी एक्स्ट्रा क्लास की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही अन्य स्कूल सुबह 10 बजे प्रारंभ होती है। लेकिन यहां के बच्चों के लिए शिक्षक के द्वारा अतिरिक्त कोचिंग की व्यवस्था किया गया है। जिसके कारण बच्चे स्वंय सुबह 08 बजे सुबह स्कूल पहुंचते है और इसका परिणाम सामने भी है जिले में लगातार 03 छात्र इस विद्यालय से टॉपर रहे है।

### कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे

इस सबंध में शिक्षक गोंविद पटेल से जब चर्चा किया गया तो उन्होने बताया कि उनके द्वारा कुछ अलग नहीं किया जा रहा है। शासन की मंशा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसलिए अपने ओर से जितना बन पड़ता है,बच्चों के लिए सहयोग कर रहे हैं। उन्होने बताया कि गरियाबंद कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा उत्कृष्ट गरियाबंद के अभिनव पहल के तहत सभी बच्चों को समान शिक्षा और अच्छी शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है।

**आयोजन :** श्री राधाकृष्ण मंदिर में हुआ विवाह, विधि-विधान से पूरा कराया गया विवाह संस्कार

# 9 जोड़े दुल्हन-दुल्हे की बैलगाड़ी में निकली बारात, पूरा नगर सड़क पर उतरकर झूम उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रविवार को 9 गरीब बेटियो की सामुहिक शादी में न केवल समूचा शहर ऊमड़ पड़ा बल्कि बाजे-गाजे और डीजे की धुन पर लड़के तो लड़के, लड़कियां भी जमकर ठुमके लगाए। बारात स्वागत का ऐसा दृश्य शहरवासियों ने पहली बार देखा। ऐसा स्वागत तो बड़े-बड़े रईसो और पैसे वालो के शादी में भी देखने को नहीं मिलता। दोपहर 3 बजे सजी हुई 9 बैलगाड़ियों में दुल्हन और उनकी सहेलियो सहित रिश्तेदार सवार हुए तो अलग से 9 गाड़ियों में दुल्हे और उनके मित्रों सहित परिजन सवार हो गए। श्री राधाकृष्ण मंदिर से बाजे-गाजे और डीजे की धुन पर निकली इस बारात को देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ मेले की भांति भीड़ लग गई। हर कोई दुल्हन और दुल्हे की एक झलक पाने को बेताब नजर आने लगे। यह बारात शहर के प्रमुख मंडी मार्ग होते हुए नगर पालिका चौक से सुभाष चौक और सदर बाजार होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। रास्ते भर अलग-अलग समूहो में खड़ी लड़कियां और लड़के जमकर डांस किए। घरातियों और बारातियों ▶▶| शेष पेज 10 पर





### उपहार में गृहस्थ सामाग्री व प्रमाण पत्र दिए



मंदिर परिसर में शादी के दौरान जितने भी लोग प्रत्यक्षदर्शी थे वे सब गिफ्ट आयटम देखकर आश्चर्यचकित रह गए। क्योंकि गिफ्ट में भगवान राम-सीता के विवाह की तस्वीर, मंगलसूत्र (सोने का), नाक की फुली (सोने की), पायल (चाँदी की), चाँदी की बिछिया, गले का नेकलेस (आर्टिफिसियल), हाफ सेट ज्वेलरी (आर्टिफिसियल), समिति की ओर से लिफाफा, सोलह श्रृंगार का सामान, वधू एवं वर को हाथ घड़ी, भांवर साड़ी, दूल्हे के लिए सफारी सूट, दुल्हन के लिए 7 साड़ी, लेडिस पर्स, वधू की चप्पल, कंबल, दीवान, गद्दा, बेडसीट, तकिया, सोफा, ड्रेसिंग टेबल, टी टेबल, सिलाई मशीन, आलमारी (गोदरेज टाईप), कूलर, सीलिंग पंखा, बर्तन जाली, डिनर सेट 32 नग स्टील का , मिक्सी, कुकर, आयरन ,जोरन पेटी, बाथरुम सेट, स्टील गुंडी, स्टील जग ,ट्रॉली बैग, एयर बैग, शक्कर 5 किलो एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

### बारात के साथ डीजे की धुन पर ब्रांड एम्बेसडर रानी अपनी टीम के साथ झूमी

ये नवो दुल्हन गरीब घर की जरूर थी मगर इनके मेकप लाजवाब था। इन दुल्हनों का फेशियल नाइस ब्यूटी पार्लर की सरिता सिंह ने निःशुल्क किया था। दुल्हा-दुल्हन के साथ शामिल घरातियों-बारातियों के स्वागत के लिए स्वयं पालिकाध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और शहरवासी शामिल थे। जबकि बारात के साथ-साथ डीजे की धुन पर शहर की ब्रांड एम्बेसडर रानी निषाद और उनकी टीम जमकर ठुमके लगाते हुए चल रही थी। बारात जब वापस मंदिर पहुंची तो वहां सजे हुए मंडप में दुल्हा-दुल्हन को बिठाया गया और पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पंडित कन्हैया तिवारी और अन्य पंडितो ने विवाह संपन्न कराया।

# नगर में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लगभग 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या से मंत्र पूजित अक्षत कलश को जन-जन तक निमंत्रित करने के लिए सरायपाली नगर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शामिल होने विकासखंड के 235 ग्रामवासियों को अक्षत, कलश, निमंत्रण देने के लिए एक–एक मुखिया को पूजित अक्षत कलश सौंपा जाएगा। इस पावन अवसर पर समस्त रामभक्तगण सरायपाली के तत्वावधान में नगर के राम जानकी मंदिर से कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। आगामी 22 जनवरी को श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा। इस अवसर पर अयोध्या में तो अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा ही, परंतु अयोध्या के साथ–साथ भारत के प्रत्येक शहर में खुशियां मनाई जाएगी। इसी अवसर पर मेरा गांव, मेरी अयोध्या के तहत हर एक शहर में अक्षत, कलश, निमंत्रण भेजा जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने की विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन जो कि वर्ष 2013 से छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास लिए कार्य कर रहे हैं। जागरुकता अभियान चलाकर भाषा लोगों तक भाषा की जानकारी दे रहे है। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा वर्ष 2007 में संवैधानिक रूप से भाजपा सरकार द्वारा किया गया है। वर्ष 2013 से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में एमए छत्तीसगढ़ी की पढ़ाई संचालित है। सन-2013 से वर्तमान तक एक हजार से अधिक छात्र- छात्राएं छत्तीसगढ़ी भाषा में डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहे है। एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन



मीडिया प्रभारी खेमराज साहू ने बताया कि संगठन द्वारा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करके निवेदन किया गया की छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ी में रोज़गार की जल्द व्यवस्था कराएं। इस अवसर पर ऋतुराज साहू, खेमराज साहू, डॉ. हितेश तिवारी , विनय बघेल, जिनेन्द्र यादव व रजत बंजारे की उपस्थिति रही।

# कॉलेज के छात्रों ने सीखा ट्रैक्टर चलाना

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र, फिंगेश्वर, गरियाबंद में अधिष्ठाता डॉ निरंजन खरे की अध्यक्षता में महाविद्यालय के बीएससी (कृषि) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र -छात्राओं ने ट्रेक्टर ड्राइविंग एवं रखरखाव पर आधारित प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अविनाश कुमार गौतम द्वारा प्रदान किया गया। जिसमें उन्होंने ट्रेक्टर के विभिन्न भाग, ट्रेक्टर के प्रकार, इंजन सम्बंधित समस्त जानकारी प्रदान की। एवं कृषि हेतु उपयोगी समस्त कृषि यन्त्र जैसे की जुताई, बुवाई, दवाई छिड़काव, कटाई, निदाई के उन्नत यंत्रों की जानकारी दी। इसके साथ ही समस्त उपकरणों के सूक्ष्म समायोजन, उन्हें खेत में अधिक दक्षता के साथ कैसे उपयोग करना है तथा उनका उचित रखरखाव भी सिखाया। प्रशिक्षण के पश्चात समस्त छात्रो ने अपना अनुभव साझा किया एवं कई छात्राओं ने बताया कि उन्होंने पहली बार ट्रेक्टर चलाने का अवसर प्राप्त हुआ। वे शुरू में काफी भयभीत थे। परन्तु प्रशिक्षण के पश्चात उन्होंने आसानी से ट्रेक्टर चलाना एवं उससे सम्बंधित उपकरण आसानी से सीखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक डॉ लेखराम वर्मा, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. अशोक कोसरिया, डॉ. कुंतल सत्कार एवं ट्रेक्टर चालाक ईशर निषाद उपस्थित थे।





# खेल मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ क्रिकेट प्रतियोगिता में मोंहदा प्रथम

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 25 किलोमीटर दुर ग्राम मरदाकला में आदिवासी क्रिकेट क्लब एंव समस्त ग्रामवासियों द्वारा राजा कचना धुरर्वा कप 06 दिवसीय शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 30 टीमों ने भाग लिया।फाईन मैच मोंहदा और जिडार के बीच आयोजित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मरदाकला को 15 हजार रूपये नगद एंव कप द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले जिडार को 10 हजार रूपये एंव कप पुरस्कार के रूप मे दिया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लखन गिरी गोस्वामी, अध्यक्षता श्रीमती सावित्रीबाई सोरी सरपंच ग्राम पंचायत मरदा कला विशेष अथिति घना राम नेताम पंचायत सचिव ,मनराखन मरकाम सरपंच बेगरपाला, महेंद्र नागेश सरपंच मोहदा, पुरषोत्तम सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि युवा नेता लखनगिरी गोस्वामी ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिता के आयोजन से क्षेत्र के ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर ▶▶| शेष पेज 10 पर

**आज होगी मां गायत्री प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा**

# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मनुज देवता बने, बने यह धरती स्वर्ग समान, यही संकल्प हमारा, विचार क्रांति अभियान इसी को कहते युग निर्माण यही संकल्प हमारा तालियों की करताल के साथ इस भजन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम को कोचवाय में आज से 3 जनवरी तक राष्ट्रीय जागरण 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं नव निर्मित मन्दिर में वेदमाता गयत्री मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार से आये ऋषिपुत्रों ने जोरदार भजन के साथ गुरुदेव के संदेश को सुनाया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं तत्वावधान में आयोजित हों रहे इस वृहद महायज्ञ का शुभारंभ 551 कलश के साथ पीले साड़ियों में माताएं कलश धारण कर जीवन्त





झाँकी के साथ ग्राम कोचवाय के हर गली मोहल्ले से होते हुए शीतला तालाब से जल भरकर यज्ञ स्थल पर विराजित कर यज्ञ का शानदार शुभारंभ किया। मंच पर कार्यक्रम के प्रारम्भ में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों का गायत्री परिवार जिला गरियाबंद के समन्वयक टीकम राम साहू एवं संगठन प्रमुख रोमन चन्द्राकर दवारा आत्मीय स्वागत किया। ग्राम कोचवाय में नव निर्मित गायत्री मंदिर का सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। मां गायत्री के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में कोचवाय , नहरगांव, कोकड़ी, सोहागपुर, खरहरी, हरदी, परसूली, कसेरू, मैनपुर सहित आसपास के हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है , सभी के लिए भोजन भण्डारा की व्यवस्था रखा गया है।

### हरिद्वार से आए ऋषिपुत्रों ने दिया प्रवचन

यज्ञ के प्रथम दिवस दोपहर 2 से 4 बजे के बीच जल कलश यात्रा हुआ। उसके बाद शाम 4 से 6 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषिपुत्रों द्वारा भजन प्रवचन ने भक्तिमय माहौल बना दिया। सोमवार की सुबह वेदमाता गायत्री मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के साथ साथ यज्ञ का ज्ञान विज्ञान देवपूजन और 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ होगा।

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### ग्राम बेंद्री में आज मड़ई मेले का आयोजन

**अभनपुर।** ग्राम विकास एवं मंडाई मेला समिति बेन्द्री द्वारा 1 जनवरी को मंडाई (मेला) का आयोजन रखा गया है जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,अध्यक्षता जपं. अध्यक्ष देवनंदनी साहु एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगे। इस अवसर पर रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम मां अम्बे की खोज नाचा पार्टी हज्जु टोला अम्बागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी वही 2 जनवरी को नवघोष युवा संगठन बेन्द्री के तत्वावधान मे राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है,प्रतियोगिता मे सामूहिक,युगल,एकल कैटेगिरी मे आकर्षण पुरस्कार रखा गया है जिसमे प्रदेश के ख्याति प्राप्त डांस ग्रुप व प्रतिभागी भाग लेगे। उक्त जानकारी प्रेम देवांगन द्वारा प्रदान की गई है।

### बागबाहरा में महिलाओं व विकलांगों को बांटे कंबल

**बागबाहरा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विकास योजना, उन्नति जन कल्याण शिक्षक समिति के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 10 नवागांव बागबाहरा में महिलाओं एवं विकलांगों को कंबल वितरण किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 3, 8 एवं 10 की महिलाएं एवं विकलांग शामिल रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से विश्वनाथ सिंह ठाकुर, शिखर चतुर्वेदी, जयेश पंजवानी, सार्थक जैन, देवव्रत शर्मा, अंकुर सिंह, नेता विवेकानंद ठाकुर, इंद्रजीत सिंह चावला, नगर पालिका उपाध्यक्ष दीपक यादव, नीरज सोनी, थनवार कुलदीप, शीतल कुर्रे, गिरधारी निर्मलकर, किशन सोनवानी, वासुदेव टांडे, पन्ना ठाकुर, बिसहत ठाकुर,अभे राम यादव, गगन टांडेकर, रूपेंद्र साहू, संजय चंद्राकर, रामाधार यादव, मंसाराम जगत, भूखन महानंद, दुबे ठाकुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में थनवार कुलदीप ने आभार प्रकट किया।

### बच्चों ने किया चेतना विकास मूल्य शिक्षा केन्द्र का भ्रमण

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चों और शाला के पूर्व छात्रों ने प्रधान पाठक योगेश निर्मलकर के मार्गदर्शन में मानवीय चेतना विकास शिक्षा केन्द्र तेन्दुवाही का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण से बच्चों ने मानवीय मूल्यों को जाना। इस दौरान मानवीय चेतना विकास संस्थान के संचालक गेंदलाल कोकड़िया ने बच्चों से मानवीय मूल्यों पर बात की। बच्चे बड़े ध्यान से सुनते रहे और इस दौरान जाना कि हमारे जीवन में मानवीय मूल्यों का क्या योगदान है। परिवार, समाज और इस धरती के प्रति हमारी क्या जिम्मेदारी है। बच्चों ने यह भी जाना कि मानवीय मूल्यों के साथ जीते हुए हम कैसे स्वयं को और अपने साथ ही इस समाज को बेहतर बना सकते हैं। बच्चों के साथ मानव और प्रकृति के सम्बंधों पर भी बात किया गया। इस भ्रमण में बच्चों ने संस्थान द्वारा भेंट किए अमरूद का भी स्वाद लिया। आखिर में बच्चों ने क्या समझा इस पर मेघराज, चाँदकुमार, तन्मय, ललित, खिलेश्वरी, प्रेमसागर, रेशमी, सूरज, सालनी सहित सभी ने बारी-बारी से अपने विचार रखें। मानवीय मूल्यों पर अच्छी बातों को साझा करने और भ्रमण के अवसर व स्थान देने के लिए संस्थान के संचालक गेंदलाल कोकड़ियां और राखी कोकड़िया का आभार व्यक्त किया गया।

**समाज :** बाबा के उपदेशों को अमल पर लाने से जिंदगी क्रांति और शान्ति आएगी

# सतनाम संदेश यात्रा सामाजिक जागरण के लिए सार्थक प्रयास : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



सतनाम संदेश यात्रा समिति का 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक अभनपुर क्षेत्र मे परमपूज्य घासीदास बाबा का संदेश यात्रा के माध्यम से समाजिक जनजागरण गांव गांव तक सामाजिक पदाधिकारियो द्वारा प्रचार रथ के माध्यम से किया जाता है जिसका समापन सतनाम भवन गातापार मे किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते कहा कि सतनाम संदेश यात्रा समिति द्वारा सामाजिक जन जागरण किया जा रहा है इससे निश्चित रूप से समाज मे जागरूकत बढ़ी है बाबा जी के संदेश को घर घर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है यह अनुकरणीय कार्य है केवल बाबा जी की जंयती पर्व के माध्यम से समाज का विकास होगा इसकी कल्पना नही की कर सकते जब तक हम जन जागरण अभियान नही चलायेगे,शिक्षा के प्रति जागरूक नही होगे,प्रतिभावान बच्चो को आगे नही बढ़ायेगे तब तक समाज की विकास की परिकल्पना नही कर सकते आज समिति द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया है जिसमे से कई 95 प्रतिशत अंक पाने वाले बच्चे भी है। विधायक श्री साहू ने कहा कि आने वाले समय मे जहां भी जिस गांव मे बाबा जी की जंयती मनाई जाती है वहां स्थानीय स्तर मे भी प्रतिभावान बच्चो का सम्मान होना चाहिए इससे प्रतिभा व उत्साह जागृत होगा जिन बच्चो को सम्मान व समाज का आशीर्वाद मिलेगा ,पढने की ललक,कुछ करने का जुनुन बढ़ेगा समाज संदेश यात्रा समिति द्वारा बनाई गई योजना समाज के जितने भी नौकरी पेशा डॉक्टर,इंजीनियर,वकील सभी से एक दिन मे 1 रूपया दान लेने की है जो साल मे 365 रूपया होता है इसका उपयोग सामाजिक उत्थान व प्रतिभावान बच्चो के लिए खर्च किया जायेगा। विधायक श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि बाबा जी के बताये गये सात वचन मे से एक वचन नशापान का त्याग कर देते है तो सतनामी समाज जैसे बड़े व जागरूक समाज कोई नही हो सकता है केवल नशा ही समाज के विकास को रोक रहा है हमारी युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त मे आ रही है जिसे सभी समाज को मिलकर इस पर लगाम लगाना होगा हमे इस जगह तक पहुंचाने के लिए समाज का आशीर्वाद मिला है मिल बैठ कर योजना बनाकर आवश्यकता के अनुरूप कार्य क रेगे।

**शामिल रहे-** इस अवसर पर सतनाम संदेश यात्रा समिति अध्यक्ष जितेन्द्र बंजारे,संरक्षक खेमराज कोसले,राजू बारले,बसंत कोसले,मुकेश ढीढी,किरण गिलहरे,पूजा बघेल,दुलारी चतुर्वेदानी,राजकुमार बंजारे,महेश्वर डहरयिा,डिगेश सोनवानी,रामचंद्र महिलांग,धरमचंद महिलांग,सुरेश भट्ट,मन्नु कोसले,राजेश जोशी,देव लहरे,दीपक दिवाकर,संजय बंजारे,खानचंद कोसले,रामअवतार बंजारे,हरिराम भट्ट,शिवनारायण बघेल,बसंत ओगरे,पंचराम ओगरे,अशोक डहरिया,सूरज साहू,उत्रसेन गहिरवारे,पन्नालाल नवरंगे,सुरेश वर्मा,मदन गिलहरे,मोहन टंडन,किशोर शर्मा,नान्हे धृतलहरे,दिलेन्द्र डहरिया,मुकेश गायकवाड़,राजेन्द्र एनेश्वरी,गैदू कुर्रे आदि बड़ी संख्या मे प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधायक जनक का गांव गांव में हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव का रविवार को मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम देहारगुडा, गौरघाट, गोपालपुर, कोदोभाठ, भाठीगढ पहुंचे तो ग्रामीणों ने जोरदार गाजे- बाजे के साथ उनका स्वागत किया। महिलाएओं ने आरती उतारकर विधायक का स्वागत किया। इस दौरान विधायक कई कार्यक्रमों में शामिल हुए।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक धुरव ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना आशीर्वाद देकर विधायक बनाया है। मैं आप लोगों की समस्याओं को सडक से लेकर सदन तक ले जाकर समस्याओं का समाधान करूंगा उन्होने कहा कि मै हमेंशा जनता के बीच रहूंगा और जो भी समस्याए है उसे हम सब मिलकर शासन प्रशासन तक पहुचकर पुरा करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमसिंह नेगी, खेदू नेगी, नेयाल नेताम, बलिराम ठाकुर, सोहन नागेश, घनश्याम साण्डे, टंकेश्वर चिंडा, नागेश्वर दीवान, शंकरलाल दीवान, मिले”वर धुरर्वा, खिलेश ठाकुर, अजय ठाकुर, देवन नेताम, पवन दीवान, यमेन्द्र ठाकुर, सुरज साण्डे, चैनसिंह नेताम, गोपी नेताम, परमे”वर नेगी, लोचन कुमार, अघनुराम फगनुराम, गयचन्द्र कोमर्रा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। मैनपुर के वरिष्ठ नागरिक हनीफ सोलंकी का पिछले दिनों आकस्मिक निंधन हो गया। इसकी खबर लगते ही रविवार को विधायक जनक धुरव मैनपुर नगर के उपसरपंच एंव वरिष्ठ पत्रकार अनीश सोलंकी के निवास में पहुंचे और परिवार के लोगों से मुलाकात किया साथ ही दुख के इस घडी में ई”वर से प्रार्थना किया कि परिवार को सबल और शक्ति प्रदान करें इस दौरान अनीश सोलंकी, नजीब बेग, बृजलाल सोनवानी, हैदर मेमन, हबीब मेमन, जाकीर रजा व नगरवासी उपस्थित थे।

# सबक दे गया साल 2023 नए साल में नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

नए साल 2024 का आगाज हो गया है। साल 2023 कड़वे मगर कई सबक के साथ जैसे तैसे बीत ही गया। नए साल में नई उम्मीदों की किरण जागी है, कोरोना काल से लोगों में बचत की नई आदत लगें। वहीं दूसरों की मद्दत के लिए भी कई हाथ आगे आएं।

अधिकांश लोगों अपनी सेहत की प्रति पहले से ज्यादा अलर्ट हो गए। राजनीति उलटफेर का गवाह बना 2023 इस साल का विधानसभा चुनाव विन्द्रानवागढ में भाजपा का किला ढहने के लिए जाना जाएगा। तीन बार से भाजपा जीत रही थी, लेकिन इस बार कांग्रेस के जनक ध्रुव ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी गोवर्धन मांझी को रोचक मुकाबले में पटखनी दे दी। वहीं दूसरी ओर शांति पूर्ण चुनाव में जब लगा दाग आईईटी ब्लास्ट में जवान शहीद हुए। दूसरे चरण का मतदान खत्म होते होते गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में अति संवेदनशील बड़े गोबरा से मतदान दल की वापसी के दौरान आईटीबीपी के जवान जोगिंदर सिंह नक्सलियों की आईईडी की चपेट में आकर शहीद हो गए। 2023 में कई हमसे बिछड़े उसी में रसेला से 2 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम मेडकीडबरी के निवासी एक दिन के कलेक्टर शलेन्द्र ध्रुव भी इस दुनिया से विदा हो गए। कई काम रह गए अधूरे, अब अगले साल पुरा होने की उम्मीद है। ऐसे में 2023 हम सब के लिए खट्टे मीठे रहे। पुराने साल की विदाई व नये वर्ष के ज़श्न में को लेकर अंचलों में माहौल पुरी तरह गरमा गया है। कुल मिलाकर नये साल के आगमन को लेकर लोग पुरी तन्मयता से तैयार है।

# बृजमोहन का अनुभव व निर्णय लेने की क्षमता से समस्याओं का समाधान होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका





छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं गरियाबंद जिला अध्यक्ष एम एल तारक, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष सोहन सेन, जिला सचिव डोरेश कुमार मेहरा, विकासखंड फिंगेश्वर अध्यक्ष यशवंत साहू, वरिष्ठ साथी खेमलाल यादव, सुरेश कुमार शर्मा, हरीश कुमार तारक, विनोद वर्मा, किशोर कुमार साहू, दीनूराम निषाद, श्रीमती निर्मला शर्मा, श्रीमती अर्चना शर्मा, श्रीमती तारिणी शर्मा आदि ने श्री बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री का दायित्व मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुधारने में श्री बृजमोहन अग्रवाल का अनुभव तथा उनके निर्णय लेने की क्षमता से शिक्षक संवर्ग के विभागीय सेवाकालीन मुद्दों का समाधान होगा। फेडरेशन के कहना है कि राज्य स्तर पर पदोन्नति विगत पाँच वर्षों से लंबित है। स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 में वर्णित नियमों एवं प्रावधानों के विरुद्ध वरिष्ठता सह उपयुक्तता को दरकिनार करते हुए प्रशासकीय पदों पर पदीय जूनियर व्यक्ति को पदस्थ किया गया है। जिसके कारण प्रशासकीय व्यवस्था एवं नियंत्रण बिगड़ गया है। विभागीय अधिकारी के उच्च पद पर जूनियर व्यक्ति पदस्थ हैं। सीनियर व्यक्ति अपने जूनियर के अधीन काम करने विवश हैं। जिसके कारण प्रशासकीय असंतुलन पैदा हो गया है। वरिष्ठ व्यक्ति पदोन्नति पाने के आस में सेवानिवृत्त हो गए हैं अथवा होने वाले हैं।

# पांच साल तक निशुल्क राशन देगी भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाजपा की अगुवाई वाली राज्य में नवगठित विष्णुदेव साय सरकार ने मोदी की एक और गारंटी को पूर्ण करते हुए गरीब कल्याण से जुड़ा अहम फैसला करते हुए 1 जनवरी 2024 से राज्य के गरीब परिवारों को अगले 5 साल तक मुक्त राशन के रूप में चावल देने का ऐलान किया है। 5 साल तक निशुल्क चावल दिए जाने के प्रदेश की भाजपा सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष तेजतर्रार नेत्री निर्मला रजक ने कहा कि गांव, गरीब और किसानों की भाजपा सरकार ने प्रदेश में सत्ता संभालते ही लगातार क्रांतिकारी निर्णय लेकर गरीब कल्याण व सुशासन स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार के 5 साल तक निशुल्क चावल देने की फैसले से प्रदेश के लाखों परिवार लाभान्वित होंगे। यह निर्णय लेकर अब गरीबों का पेट भरने की चिंता पूरी तरह से सरकार ने अपने जिम्मे ले ली है। भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार के शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने गरीब परिवारों को भूखे पेट नहीं सोने देने का जो संकल्प धरातल पर उतरा था। आज मुख्यमंत्री साय ने इस संकल्प को एक नया आयाम देकर अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की चिंता की है। विष्णुदेव साय सरकार में एक रुपए का इंतजाम भी गरीबों को नहीं करना पड़ेगा उनके चावल की चिंता 5 साल तक भाजपा की सरकार करेगी।



- प्रधानमंत्री मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी : निर्मला

# कपड़ा बाजार के गोदाम में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका






हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के जय स्तंभ चौक के आगे मुख्य मार्ग में स्थित श्रीराधे कपड़ा बाजार में सुबह 5 बजे के आसपास भयंकर आग लग गई। आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग पीछे गोदाम से लगनी आरम्भ हुई। आग दुकान तरफ आने के पहले नगर के उत्साही युवाओं के कड़ी मेहनत से शोरूम के निचले व ऊपर के हिस्सों से मिलकर काफी कपड़ों को सुरक्षित बाहर निकलने में सफलता मिली। खाली ट्रकों में माल खाली किया गया। लगभग 8 बजे नगर पालिका की फायर फ्रिगेड दुकान के पीछे हिस्से पहुंचकर आग बुझाने में सफल रही। लाखों रुपए के नुकसान की खबर है। पुलिस प्रशासन द्वारा भी यातायात व सुरक्षा व्यवस्था पर मोर्चा संभाल लिया गया था। कपड़ा बाजार के गोदाम में आग इतनी भयानक थी कि थोड़ी ही देर में आग की लपटों ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों को देखते हुए पुलिस ने गोदाम के आसपास के घरों को एहतियातन खाली करा दिया गया था। हालांकि, आगजनी की असल वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाया। फिलहाल, इस आगजनी में कितना नुकसान हुआ है, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

# पोटिया को हराकर एलिगेटर महासमुंद बना विजेता

**महासमुंद।** माही क्रिकेट क्लब पोटिया (हिच्छा) में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा का समापन हुआ। पोटिया व एलिगेटर महासमुंद के मध्य फायनल मैच हुआ। जिसमें एलिगेटर महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 45 रन बनाया। 46 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पोटिया की टीम 27 रन पर ही ढेर हो गई। इसी तरह एलिगेटर महासमुंद 18 रनों से जीत हासिल किया। आयोजक समिति द्वारा स्पर्धा की तैयारी पहले से ही कर रखी थी। स्पर्धा के आयोजक हेमलाल बरिहा, देवनंद सिन्हा, मदन ध्रुव, भुवनेश्वर सिन्हा, अजय साहू, किशन ध्रुव, गजानंद सिन्हा, श्रवण ध्रुव, तुकेश्वर सिन्हा, हेमलाल बरिहा, भुवनेश्वर सिन्हा, विमल सिन्हा, गोविंद दास ने बताया कि स्पर्धा में अनेक पुरस्कार रखे गए थे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 8000 रुपए आयोजक टीम द्वारा, द्वितीय 5000 आयोजक टीम व तृतीय आने वाले को 2000 नगद पुरस्कार दिया गया। यहां प्रत्येक मैच में मैन आफ द मैच व हैट्रिक छक्का, चौका व विकेट पर अनेक ईनाम रखा गया था। विजेता टीम को हरक राम साहू खट्टी द्वारा शील्ड प्रदान किया गया। विजेता टीम में कप्तान अनीस यादव (अंटू), संजय, सचिन, चेतन, राजेन्द्र, रुपेश, दीपक, विक्की, संदीप, प्रकाश, केशव, कोमल, शिव, तेजन का योगदान रहा।



# देश सेवा में योगदान के साथ नशामुक्ति के लिए युवाओं को आगे आने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली




रामचण्डी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 से 29 तक ग्राम पंचायत प्रेतनडीह के आश्रिम ग्राम बगईजोर में प्राचार्य डॉ एनके भोई निर्देशन में और आरएस मांझी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी भरत कुमार प्रधान ने किया।

शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रेतनडीह के सरपंच सौदामिनी विशाल रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एनके भोई, सतीश साहू कार्यकारी संचालक तथा समस्त प्रध्यापकगण उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस बौद्धिक चर्चा में वक्ता धर्मेन्द्र चौधरी (भूतपूर्व सैनिक) संचालक फुलझर डिफेंस अकादमी ने देश सेवा में आपका योगदान विषय पर युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया तथा आर्मी सीजीपुलीस, यूपीएससी में भर्ती होने के लिए मार्गदर्शन दिया। तृतीय दिवस नशामुक्त भारत में युवा की भूमिका विषय पर वक्ता वीरेन्द्र चौधरी, राजेश महाणा, धनीराम पटेल उपस्थित रहे। वक्ताओं ने नशा पर अंकुश लगाने, नशा से समाज में होने वाली हानि, परिवार का विघटन , दुर्घटनाएं आदि पर प्रकाश डाला। चतुर्थ दिवस के बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग से लैब टेक्नीशियन राजकुमार पटेल, भुवनेश्वर पटेल तथा एचआईवी एड्स परामर्शदाता हेमचंद मांझी ने सिकलीन व एचआईवी एड्स के बारे में विस्तृत चर्चा के माध्यम से स्वयं सेवकों को अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं का एचआईवी का टेस्ट किया। पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में व्यक्तिगत विकास में अनुशासन की भूमिका विषय पर वक्ता चक्रधार प्रसाद डड्सेना व सुरेन्द्र प्रधान ने कहानी के माध्यम से रोचक ढंग से व्यक्तिव के विकास में वातावरणा की भूमिका प्रभावशाली ढंस से स्पष्ट किया। छठवें दिवस के बौद्धिक सत्र में समाज में नवयुवकों की भूमिका विषय पर वक्ता प्रखर अग्रवाल संस्थापक संगम सेवा समिति सरायपाली ने समाजसेवा राजनीति व देशा सेवा के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया। सप्तम दिवस शिविर का समापन समारोह बगईजोर ग्राम के बीच गली में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि केएस प्रधान (अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि शोभना कोष्टा प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सरायपाली, राजेन्द्र कुमार दास (सचिव अधिवक्ता संघ सरायपाली), भूपेन्द्र कुमार भोई (कोषाध्यक्ष अधिवक्ता संघ सरायपाली), गिरधारी साहू कोलता समाज, हरिचरण प्रधान संरक्षक कोलता समाज, मथामणी बढ़ई, नंदकिशोर भोई, लक्ष्मी नारायण भोई, ललित कुमार साहू, देवेन्द्र भोई तथा महाविद्यालय प्रबंधन समिति सुभाष चंद्र साहू, सतीश साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एनके भोई (प्राचार्य) ने की। कार्यक्रम का संचालन आरएस मांझी ने किया। इन सात दिवसों में स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रधान, शिविर दल नायक रोहित राणा, उपदल नायक सुमन प्रधान के नेतृत्व में बगईजोर गांव के गली-मुहल्लों, स्कूल परिसर आदि की साफ-सफाई कर स्वच्छता के लिए जागरुकता रैली निकालकर संदेश दिया।

पेज 9 के शेष ...

### शिक्षक अपने वेतन से...

पटेल पिछले 07 वर्षों से पदस्थ है। कक्षा आठवी मिडिल स्कूल के बाद अधिकांश छात्र पढाई छोड़ने को मजबूर हो जाते थे, जिसके पिछे एक मुख्य कारण वंनाचल क्षेत्र होने के कारण बच्चों को अपने घरेलू कार्य के साथ, परिवार के कार्यो में सहयोग करना होता था ऐसा में सबसे पहले शिक्षक गोंविद पटेल ने पालकों से पिछले तीन चार वर्षों तक लगातार सम्पर्क कर बच्चों को हर हाल में स्कूल पढाई करने भेजने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही स्कूल में हाईस्कूल के सभी बच्चों के लिए अपने तरफ से नाश्ता और माध्यन भोजन की व्यवस्था करने की व्यवस्था किया। अब बच्चे स्कूल आते ही पहले माध्यन भोजन करते है और पढाई प्रारंभ करते है, इसके बारे में जैसे गांव के सरपंच व अन्य वरिष्ठ जनों को पता चला तो शिक्षक गोंविद पटेल के इस पुनित कार्य में सभी अब सहयोग करने लगे है, जो एक बेहतर मिशाल है। पूरे जिले में सिर्फ शासकीय हाईस्कूल देहारगुडा में ही बच्चों के लिए माध्यन भोजन की व्यवस्था एक बेहतर प्रयास है।

### 9 जोड़े दुल्हन-दुल्हे...

का जगह-जगह शहरवासियों ने चाय, शर्बत, चाकलेट, फल खिला- पीला कर स्वागत किया गया।

**ये हुए शामिल-** बारात के दौरान नाचते-गाते चलने वालो में सालासर समिति के संस्थापक राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, संरक्षक पवन यदु, मोहन पंजवानी, उपाध्यक्ष सुमित पंजवानी, सचिव गुलाब साहू, सहसचिव ओमप्रकाश शर्मा, विवाह संयोजक रुपेन्द्र चंद्राकर, ब्रम्हानंद साहू, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर राठी, नेमी साहू, पप्पू साहू, धनराज साहू, भूपेन्द्र साहू, खिलेश पैगम्बर, राजकुमार यादव, संतोष साहू एवं हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्ष तारिणी शर्मा, उपाध्यक्ष आरती काबरा, कार्यकारी अध्यक्ष कु.भारती साहु, कोषाध्यक्ष डॉली निषाद, सचिव कु.पिंकी साहू, सहसचिव मोहिनी, वरिष्ठ सदस्य कविता इसरानी, ईशा, तुलसी, लक्ष्मी, मुस्कान, वासनी, छाया, चंचल, तनिशा, भुनेश्वरी, डिगेश्वरी, गीतांजली, रिया,हेमपुष्पा, रेखा, गीता शामिल थे।

### खेल मनुष्य के...

मिलता है। उन्होने विजेता टीम को बधाई देते हुए उपविजेता टीम को और अधिक मेहनत करने की बात कही इस मौके पर प्रमुख रूप से बालियर नेताम, मनोहर मरकाम, नेपाल सोरी, मगन सोरी, नैन सिंह मरकाम, परित लाल नागेश, उदराज सोरी, बलिराम नेताम ,घनश्याम मरकाम, त्रिलोक नेताम, कोमल नेताम, ललित मरकाम, संठेश नेताम, शिवा मरकाम, हरिचंद नागेश, यश मरकाम, खेमन मरकाम, कुलेश नेताम, वीरेंद्र मरकाम, टीकम नेताम, लोकेश मरकाम, भुवन सोरी व बडी संख्या में आदिवासी क्रिकेट क्लब के सदस्य व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के आसपास गंदगी नहीं फैलाने की अपील की है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने बताया कि 1 जनवरी को नववर्ष के अवसर पर शहीद स्मारक खरोरा के आसपास जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसमें ग्रामीणों को शामिल होने की अपील की है।



### संविधान विषय पर टेस्ट आयोजित, 134 शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन हुआ। अकादमी के जिला समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में चौथा टेस्ट पेपर संविधान का हुआ। चौथा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 103 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 31 परीक्षार्थियों कुल 134 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन 07 जनवरी 2024 को अर्थशास्त्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण का टेस्ट आयोजित होगा।

### न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बताया कि छग उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बेमचा स्थित जिला जेल महासमुंद का जिला न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय द्वारा उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में बंदियों को विधिक सहायता, पेयजल की व्यवस्था की जांच की गई तथा जेल अधीक्षक उत्तम पटेल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### धान का अवैध परिवहन जब्ती की कार्रवाई जारी

**महासमुंद।** ओड़ीशा से अवैध तरीके से लाए जा रहे धान पर एक बार पुनः सख्ती बरतते हुए लगातार कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देश पर शुक्रवार को देर रात और शनिवार को तहसीलदार ममता ठाकुर के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम टुहलू थाना के आगे 350 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गाड़ी सहित धान को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि रात में धान से भरी वाहन ओडिशा से गरियाबंद की ओर जा रही थी।

**नयासाल : आसपास के सभी होटल बुक, सुरक्षा दृष्टि से पुलिस बल तैनात**

# आज जटमाई, घटारानी और चिंगरापगार के पर्यटन स्थलों पर जुटेंगे हजारों सैलानी





गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

रविवार को गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जटमाई घटारानी और चिंगरापगार सैलानियों से गुलजार रहा। वहीं नए साल 01 जनवरी 2024 के आगमन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दिन पर्यटन स्थल पर हजारों सैलानी जुटेंगे। साल के अंतिम दिन थर्टी- फस्ट 2023 को विदा करने और नए साल 2024 का स्वागत करने उवाओ में जबरदस्त क्रेज चल रहा है। इसे लेकर प्रदेश भर से पर्यटक गरियाबंद जिले के पर्यटन केंद्र में पहुंच रहे हैं। साल 2023 के अंतिम दिन 31 दिसंबर रविवार छुट्टी के दिन होने के चलते यहां के पर्यटन स्थल पर हजारों की संख्या में सैलानी मौज मस्ती और धूम मचाने पहुंचे हुए हैं। आसपास के



सभी होटल पहले से बुक हो गए हैं। व रेस्टोरेंट में भी भारी भीड़ बढ़ गया है। गरियाबंद में आने वाले सैलानी के सुरक्षा दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है। नए साल के स्वागत को लेकर युवा वर्ग उमंग और जोश के साथ स्वागत करने की तैयारी में हैं।




### देर शाम तक सैलानियों की रेलमपेल लगी रही

जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में नए साल 2024 के आगमन को लेकर युवा वर्ग में जश्न का माहौल है। खासकर जिले के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक स्थल जतमई व घटारानी और चिंगरापगार सिकासार में देर शाम तक सैलानियों की रेलमपेल लगी रही। यहां हजारों की संख्या में सैलानी नए वर्ष 2024 को वेलकम करने व 2023 को विदा करने आए हुए हैं. पर्यटन स्थलों में पार्टी मनाने का दौर रविवार से चल रहा है।

### साल के अंतिम दिन चिंगरापगार में पिकनिक मनाने पहुंचे पर्यटक

वर्ष 2023 का अंतिम दिन रविवार होने के चलते व स्कूल कॉलेजों में शीतकालीन छुट्टियां होने के कारण पर्यटन स्थलों में पर्यटको का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। सभी उम्र के लोग 2023 के अंतिम दिन घर से बाहर सैर-सपाटा करने आए हुए हैं। ज्यादातर पर्यटक जतमई-घटारानी और चिंगरापगार में पिकनिक मनाने पहुँचे थे। पर्यटकों के आवागमन के चलते पर्यटन स्थल की ओर जाने वाले सभी मार्ग सुबह से भीड़-भाड़ चल रहा था।

# नया साल पर भगवान का दर्शन व पूजा करने के लिए पहुंचेंगे भक्त

**राजिम।** साल 2023 के बिदाई के साथ ही युवा वर्ग जमकर जश्न मनाएं। आधी रात को कई स्थानो में नए साल के स्वागत के लिए एटम बम के धमाके गुंजते रहे। सोशल मीडिया पर नए साल का बधाई देने का सिलसिला खूब चला। आज सूर्योदय के साथ ही लोग नया साल 2024 का स्वागत करते हुए मंदिर पहुंचकर पूजा कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में मशहुर राजिम तीर्थ में विराजमान भगवान श्री राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव का दर्शन-पूजा करेंगे। नए साल में यहां अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलेगी। नए साल 2024 का आज प्रथम दिवस है। इस प्रथम दिवस का स्वागत हर कोई करना चाह रहा है। उल्लेखनीय है कि राजिम और नवापारा दोनों शहर के अलावा आसपास के पचासों गांव के लोग कई हजारों-हजार की संख्या में भगवान का दर्शन और पूजा करने के लिए पहुंचेंगे। यह परंपरा सदियों पुरानी है। नए साल के पहला दिन हर कोई भगवान के दरबार में पहुंचकर अपने परिवार के सुख-शांति और मंगल कामना के लिए पूजा आरती कर आशीर्वाद मांगते हैं। तीनों नदी के संगम क्षेत्र में इस अवसर पर बड़ी भीड़ रहेगी। युवा वर्ग मित्र मंडलियों के साथ नदी क्षेत्र में इंजॉय भी करेंगे। महिलाएं एवं युवतियां मंदिरों में पहुंचकर बहुत ही श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा पाठ करेंगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बाल ब्रम्हचारी ब्रह्मलीन संत पवन दीवान जी का आज 1 जनवरी जन्म दिवस है। उनके शिष्य भी इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजिम आश्रम पहुंचेंगे। संत जी जब थे, तो उनके ब्रह्मचर्य आश्रम में धूमधाम से जन्मदिन मनाया जाता था। अब उनके शिष्य व चाहने वाले समाधि स्थल में पहुंचकर अपनी विनम्र पुष्पांजलि अर्पित करते है।



### सोशल मीडिया का चलन बढ़ा

अब तो सोशल मीडिया का चलन जरूरत से ज्यादा बढ़ गया है। सोशल मीडिया के चलते लोग अब एक-दूसरे के आमने-सामने आकर नए साल की बधाई देना लगभग भूल रहे हैं। पहले के जमाने में लोग अपने चाहने वालों को गुलाब का फूल और मिठाई भेंट करने आते-जाते थे। यह सब बीते दिनों की बात हो गई है। जमाना काफी एडवांस हो गया है। पीने वालों के लिए खास बात यह रही कि साल का आखिरी और अंतिम दिवस 31 दिसंबर मानो बड़ा पर्व लेकर आया था। मदिराप्रेमी जी भरकर पीते नजर आए। नवापारा और राजिम के भट्ठी में मानों मेला लगा हुआ था। बेतहाशा भीड़ देखी गई। यही हाल अंडा ठेले, मुर्गा कार्नर और मटन मार्केट का भी रहा। दोनो शहर राजिम और नवापारा के ढाबो में अच्छी भीड़ देखी गई। एक तरह से लोग इसे ही जश्न कहने लगे हैं। फलों की दुकान, ठेले और होटलों की मिठाई धरी की धरी रह गई। यहां नाममात्र के ग्राहक नजर आए।

# साहित्यिक संगोष्ठी में नई पीढ़ी को इतिहास की गई जानकारी



**राजिम।** शहर के साहू छात्रावास में राजिम भक्तिन माता समिति के तत्वावधान में आयोजित साहित्यिक संगोष्ठी में रायपुर, महासमुन्द, गरियाबंद, कोरबा से समाज के लोग पहुंचे थे। यह जानकारी देते हुए भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि माता राजिम की जीवनी और महात्म्य पर मंथन हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता घनाराम साहू ,डॉ. सुखदेव साहू ,घनश्याम साहू, आनंदराम साहू ,डॉ. महेंद्र साहू, लोकनाथ साहू व समिति के अध्यक्ष लाला साहू शामिल थे। इन्होने राजिम माता की जीवनी, जन्म कुंडली, जन्म से समाधि तक जीवन लीला पर प्रकाश डाला। जानकारी दी गई कि नई पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने साहित्यिक संगोष्ठी की शुरूआत राजिम माता की पूजा-अर्चना से हुई। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि यह संगोष्ठी निश्चय ही मील का पत्थर साबित होगा। राजमाता राजिम की जीवनी को पाठ्य पुस्तक में शामिल करने और नई पीढ़ी को गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता घनाराम साहू ने राजिम माता की जीवनी को शरारती तत्वों द्वारा तोड़ मरोड़ कर लिखे जाने पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजिम भक्तिन माता महात्म्य को पाठ्यपुस्तक में शामिल किए जाने के लिए आवश्यक तथ्यों की जानकारी दी। वर्ष 1825 से अब तक करीब 200 साल के इतिहास के अध्ययन पर आधारित विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। उन्होंने श्री संगम राजिम की महत्ता पर प्रकाशित विभिन्न ग्रंथों के सार से उपस्थितजनों को अवगत कराया। डॉ. सुखदेव साहू ने कहा कि उपलब्ध लिखित तथ्यों की कमी नहीं है। करीब दो सौ साल का राजिम का लिखित तथ्य उपलब्ध है। इन तथ्यों का ईमानदारी से दस्तावेजीकरण हो। गहन चिंतन करने की आवश्यकता है। घनश्याम साहू ने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि राज माता राजिम की जीवनी को चार भाषा हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, छत्तीसगढ़ी में प्रकाशित करने की आवश्यकता है। उन्होंने राजिम महायज्ञ कराने का प्रस्ताव रखते हुए तेलीश्वर महादेव की व्याख्या की। इस संगोष्ठी में आनंदराम साहू ,श्रवण साहू ,लोकनाथ साहू ,मोहन मानिकपन, मकसूदन साहू ,रोहित साहू, पवन गुरुपंच, भोले साहू, रमेश सोनसायटी ,बाला साहू, रामकुमार साहू, मिंजुन साहू, श्याम साहू,तरूण साहू ,देवकी साहू, गोपाल साहू, बोधन साहू, हरीश सोनबेर, छवि साहू,यांशू साहू,नूतन लाल साहू मौजूद थे।

■ साहू छात्रावास में हुई संगोष्ठी

# लोस चुनाव में 11 सीटो पर भाजपा के पक्ष में जनता मोहर लगायेगी : चोपड़ा

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कांग्रेस की भ्रष्टाचार,तुष्टिकरण एवं धर्मानंतरण की नीति के खिलाफ छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर भरोसा कर विधान सभा मे एतिहासिक जीत दिलाई है वहीं पर आने वाले लोकसभा की सभी 11 सीटो पर भी जनता भाजपा के पक्ष मे मोहर लगायेगी। उक्त बाते प्रदेश के चिकित्सा प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक डा.विमल चोपड़ा ने फिंगेश्वर प्रवास पर भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक मे प्रेस वार्ता मे कहा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश मे भाजपा की सरकार बन चुकी है और हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोशणा पत्र के अनुरूप काम करना प्रारंभ कर दिया है। बोनस वितरण के साथ साथ प्रदेश मे 18 लाख आवास की मंजूरी दे दी गई है।सरकार के आने से पूरे प्रदेश मे भाजपा कार्यकर्ताओं मे अभी तक जोश की



लहर है। इसी जोश को बनाकर आने वाले लोकसभा चुनाव मे हमारे भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी 11 के 11 लोकसभा सीटे जितायेंगे जिनमे जनता का फिर से आशीर्वाद होगा। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी को लेकर देश के लोगों मे पूरा विश्वास है कि देश उनके हाथों मे विकास की दिशा की ओर अग्रसर होगा वहीं पर देश सुरक्षित होगा।उन्होंने विधान सभा चुनाव मे मोदी गारंटी की बाते कहकर छत्तीसगढ़ मे भाजपा की सरकार लाने मे पूरा पूरा योगदान दिया है। जनता ने उनकी गारंटी पर पूरा पूरा विश्वास कर भाजपा को जिताया है। इस बार के लोकसभा चुनाव मे भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प है कि इस बार पूरे 11सीटे दिलायेंगे। पिछली बार 2 सीटों मे चूक हुई थी वह इस बार नहीं होगी। इस बार ऐतिहासिक बहुमत 54 सीटे विधान सभा चुनाव मे मिला है। इससे ऐसा लगता है कि कार्यकर्ताओं के साथ - साथ जनता भी चाह रही है,और वह कह रही है पूरे 11 सीटे वे भाजपा को देंगे।विधान सभा मे जो इस बार रिजल्ट आया है उसको देखकर लगता है कि इस बार कांग्रेस को लोकसभा के लिए उचित प्रत्यासी मिलेगा भी की नहीं,जिसको कांग्रेस खड़ा करना चाहेगी वह इंकार करेगा।भले ही वह जबरदस्ती लडेग़ा।जैसे विधान सभा मे रायपुर से महंत को जबरदस्ती खड़ा किया गया था।इसी प्रकार 11 सीटो मे कांग्रेस का प्रत्यायी जो भी चुनाव लड़ेगा वह अनिच्छा पूर्वक चुनाव लड़ेगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता रोशन देवांगन, उमराव सिन्हा, भुवन साहू, किरणेश सोनी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उमा तांडेकर, मंजूलता हरित, संतोशी श्रीवास्तव, ज्योतिराजपूत, पदमा यदु, सीमा राजपूत, नरेश लहरे, अशोक साहू, बेनी सोनवानी ने डा.विमल चोपड़ा का आत्मीय स्वागत कर लोकसभा की तैयारी हेतु चर्चा की।इस अवसर पर पत्रकार गण उपस्थित थे।

# वाहन चालक संघ ने भरत सोनी की सेवानिवृत्त पर दी विदाई



**गरियाबंद।** शासकीय एवं अर्धशासकीय वाहन चालक संघ गरियाबंद द्वारा जनसंपर्क विभाग में वाहन चालक के पद पर कार्यरत भरत लाल सोनी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी है। संघ के सदस्यों ने 30 दिसंबर शनिवार को बिदाई कार्यक्रम आयोजित कर श्री सोनी को साल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष जितेंद्र यदु, भुवनदास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष निर्मल नागेश, गौतम कश्यप, संतोष गोस्वामी, डोमन सिन्हा, भानु सोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त लाइनमेन सेवाराम को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

बिजली विभाग में बहुत ही बेहतरीन उत्कृष्ट कर्मचारी लाइनमेन सेवाराम साहू के सेवानिवृत होने पर उन्हें सम्मानपूर्वक भावभीनी बधाई दी गई। बताया गया है कि विभाग में वे दैनिक वेतनभोगी के रूप में 1979 से शुरूआत किया था। सात साल बाद 1986 को वे रेगुलर पोस्ट पर आ गए। 1988 में उनका पदस्थापना खरोरा से नवापारा शहर में हुआ। वे इसी शहर में निरंतर 35 वर्षो तक अपनी सेवाएं दी। इस दौरान न केवल विभागीय उच्चाधिकारी बल्कि स्टाफ के सारे छोटे-बड़े कर्मचारी और शहरवासियो के चहेते के रूप में जानने लगे। उल्लेखनीय है कि उनके काम करने की लगन और तरीके को देखते हुए वर्ष 2014 में विद्युत कंपनी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरुस्कृत भी किया गया था। उनकी गोपनीय चरित्रावली हमेशा ए ग्रेड की रही है। उनके लाईन मेन जीवन की सबसे बड़ी और महत्वपुर्ण उपलब्धि यह है कि उनके 37 वर्ष के कार्यकाल में कोई भी दुर्घटना घटित नहीं हुई जिसमें जनधन की हानि हो। विभाग के लिए यह गर्व और मिशाल वाली बात मानी गई है।



### इनकी रही भूमिका

बिदाई समारोह में मुख्य रूप से विद्युत कंपनी नवापारा के कार्यपालन अभियंता शिव कुमार गुप्ता, सहायक यंत्री शिवेंद्र साहू, कनिष्ठ यंत्री महादेव देवांगन, कनिष्ठ यंत्री जॉनसन बंजारे, सतीश सोनी, विजेंद्र वर्मा, लोमेंद्र तिवारी, मनमोहन सिन्हा, मेघनाथ साहू सहित समस्त विद्युत कर्मी, संविदा कर्मी, एवं ठेकाकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में तुलसी राम दिवाकर, योगेंद्र सिंह, अमित वर्मा की विशेष भूमिका रही। मंच संचालन विभाग के गजेंद्र साहू द्वारा किया गया।

**भागवत कथा के तीसरे दिवस ध्रुव चरित्र की कथा बताई**

# भावी पीढ़ी में भक्त ध्रुव जैसे संस्कार डालने की है जरुरत : पं ऋषिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

समीपस्थ ग्राम मुरमुरा में साहू परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा दौरान भगवताचार्य पं. ऋषिकेश तिवारी द्वारा प्रभावी कथा वाचन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। आयोजन की शुरुआत शुक्रवार 29 दिसम्बर को कलश यात्रा गोकर्ण पूजा के साथ हुआ। जिसमें लगातार सुखदेव जन्म बाराह अवतार



परीक्षित जन्म और तीसरे दिवस रविवार को सति चरित्र जडभरत कथा और भक्त ध्रुव की कथा कही। पं तिवारी ने ब्यास मंच से आग्रह किया कि आज समाज में लोग कुसंस्कारों से ग्रसित हो रहे हैं इस समय हमें भावी पीढ़ी को पिता उतानंपाद और माता सुरुचि के समान अपने संतानों को संस्कारित करने की आवश्यकता है तभी हमारा समाज स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम का आयोजन अपने माता-पिता के बरसी श्राद्ध में उनके पुत्र नागेन्द्र साहू द्वारा किया गया है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### स्कूली शिक्षा मंत्री से की सौजन्य भेंट

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा की अगुवाई में स्कूली शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से सौजन्य भेंट कर अपने प्रमुख मांगों से अवगत कराया। इस दौरान प्रांताध्यक्ष ने कहा कि पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन का निर्धारण हो, पदोन्नति संशोधन प्रभावित शिक्षकों के संशोधित शाला में ही पदस्थापना एवं अब तक के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान हो, पदोन्नति, क्रमोन्नति, वेतन विसंगति, लंबित महंगाई भत्ता सहित अन्य शिक्षकीय समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। मंत्री ने शीघ्र सकारात्मक कार्यवाही करवाने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में सुधीर प्रधान प्रांतीय संयोजक, मनोज सनाढ्य प्रांतीय सचिव, देवनाथ साहू प्रांतीय उपाध्यक्ष, नारायण चौधरी जिलाध्यक्ष महासमुंद, नंदकुमार साहू जिला सचिव, खिलावन वर्मा जिला उपाध्यक्ष, प्रदीप वर्मा जिला मीडिया प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### खरतुली में 5 जनवरी से रामायण सम्मेलन

**धमतरी।** ग्राम खरतुली में ग्रामवासियों के सहयोग से5, 6 और 7 जनवरी को रामायण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ख्याति प्राप्त मानस मंडली भगवान राम की महिमा का बखान करेगी। 8 जनवरी को मड़ई का कार्यक्रम रखा गया है। इस उपलक्ष्य में ग्राम नीचेकोढहा अम्बागढ़ चौकी का नाचा होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष मदन साहू ने दी है।

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

**महासमुंद।** भाजपा शहर मण्डल महासमुंद द्वारा इस साल के अंतिम रविवार 31 दिसम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय में दूरदर्शन के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला महामंत्री प्रदीपचंद्राकर, चुनाव संचालक सन्दीप दीवान, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, प्रकाश शर्मा, पार्षद मीना वर्मा, देवीचन्द राठी, माधवी सिक्का, मुन्ना देवार, गोपाल वर्मा, मुन्ना साहू, देवेंद्र चन्द्रकर, महेंद्र सिक्का, विष्णु चंद्राकर, विक्की गुरुदत्ता, आनंद गिरी, हनीश बग्गा, पप्पू ठाकुर, राकेश, मधु यादव, सुनिता साहू, सुनीता देवांगन, भगवती करकसे, सारिका, सोमेश दावड़ा, रोमी गुरुदत्ता, शोभा तंबोली, घनाराम साहू, खिलावन यादव समेत कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री साव से मुलाकात

**महासमुंद।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, नवनिर्वाचित विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव को नगरीय प्रशासन मंत्रालय की जवाबदारी सौंपे जाने पर भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचन्द राठी एवं पार्षद प्रतिनिधि महेन्द्र सिका, भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि बंटी शर्मा ने हर्ष जताया। और कहा कि नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में द्रुत गति से विकास होगा। पांच सालों से बीमार पड़े नगरीय निकाय अब मजबूत होगी।

# पुरनापानी के ग्रामीण, आजादी के बाद भी वर्षों से झरिया का पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के पुरनापानी के ग्रामीण आजादी के 75 वर्षों के बाद भी झरिया खोदकर पानी पीने मजबूर हो रहे है। और तो और कड़ाके के इस ठंड में ग्रामीण महिलाएं सुबह 5 बजे ही झरिया का पानी लेने पैदल डेढ़ से दो किलेमीटर तेल नदी तक पहुंचते हैं और तेल नदी में झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था करते हैं।

वरिष्ठ नागरिक सुशिल निधी ग्रामीण महिला ममता, जयमोतिन, सुरेखा, फुलमती ने बताया कि झरिया का पानी ग्राम पुरनापानी और कोदोबेडा के ग्रामीण पिछले 100 वर्षों से उपयोग कर रहे हैं। यहां के ग्रामीणों ने बताया की गांव में हेडपम्प लगाया गया है। लेकिन उस हेंडपम्प का पानी को बर्तन में रखने के बाद पानी लाल और पीला हो जाता है। जिससे उस पानी से खाना नहीं बन पाता इसकी शिकायत पूर्व में कई बार कर चुके हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने भी पानी का परीक्षण कर खाना बनवाकर देक चुके है, जिसके कारण मजबूर ग्रामीणों को झरिया से पानी लाकर पीना पड़ता है, सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों को बारिश के दिनों में होती है। एक बार पानी लाने पर तीन चार दिनों तक उपयोग करना पड़ता है और तो और पुरनापानी की जनसंख्या 1600 एंव कोदोबेडा की जनसंख्या 800 के आसपास है। यह देवभोग से महज 4 से पांच किलोमीटर दुरी पर है ।

## कड़ाके की ठंड में सुबह 5 बजे डेढ़ से दो किमी पैदल चलकर लाते हैं पानी



### हेंडपम्पों में वाटर फिल्टर की जरूरत पर विभाग नहीं दे रही ध्यान

ग्राम पुरनापानी एंव कोदोबेडा के ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ केन्द्र सरकार द्वारा गांव- गांव में हर व्यक्ति को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने जल जीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रूपये की लागत से पानी टंकी और पाइपलाइन बिछाई जा रही है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण जो कार्य है हेंडपम्पों में वाटर फिल्टर लगाने का, जो आज तक नहीं लगाया गया है, यदि इन ग्रामों के हेंडपम्पों में हाई तनकीनी वाला वॉटर फिल्टर लगा दिया जाये तो काफी हद तक लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो पायेगी। ग्राम पुरनापानी एंव कोदोबेडा के ग्रामीणों ने छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एंव उपमुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव, गरियाबंद जिला के कलेक्टर आकाश छिकारा से मांग किया है कि यहां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाया जाये।

नववर्ष 2024 : पर्यटन स्थलों में पहुंचे लोग, वन्य प्राणी, शांत वातावरण लोगों को अपनी ओर कर रहा आकर्षित

# न्यू इयर मनाने उदंती सीतानदी, देवदाहरा, सिकासार सोढूर, चौकसील व पैरी उदमग में पहुंचने लगे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वर्ष 2023 की विदाई और वर्ष 2024 के स्वागत में न्यू ईयर मनाने गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड स्थित पर्यटन स्थलों में रविवार से ही बडी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे हैं। सुबह 09 बजे से पर्यटकों का आना- जाना प्रारंभ हुआ जो शाम होते ही यह संख्या बढ़ गई। कई स्थानों पर मेला जैसे माहौल देखने को मिल रहा है, हर वर्ष 31 दिसम्बर और 1 जनवरी को क्षेत्र के इन पर्यटन स्थलों में खासकर बडे. शहरों से पर्यटक बड़ी संख्या में आते है क्योंकि इस क्षेत्र का मनोरम दृश्य, खुबसुरत पहाड़ी, नदी, नाले, झरने, स्वतंत्र विचरण करते वन्य प्राणी शांत वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है, मैनपुर से 26 किलोमीटर दूर गरियाबंद जिले के सबसे पुराना पर्यटन स्थल सिकासार जलाशय में रविवार को भारी भींड लगी रही। धवलपुर से लेकर सिकासार 16 किलोमीटर तक भारी वाहनों का आना - जाना लगा रहा। तो वही घने जंगल के अंदर देवदाहरा जलप्रपात का मनोरम दृश्य जो एक बार देख ले वह बार बार देखने आते हैं। यहां का प्राकृतिक सौन्दर्य को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए हैं, सोढूर जलाशय, चौकसील, उदंती सीतानदी पहाडी के ऊपर सुबह से पर्यटकों की भींड देखने को मिल रही है तो वही उदंती में गोडेना जलप्रपात जो काफी दुर्गम स्थल में है। यहां ओडिशा प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक हर वर्ष पहुंचते है, इनके पीछे मान्यता है कि गोडेना जलप्रपात की कुछ दूरी पर एक प्रमुख देव स्थल है। जहां ओडिशा प्रदेश के लोगों का आस्था का केन्द्र है, ओडिसा से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हुए है, नगर सहित क्षेत्र के सभी विश्राम गृह और ईको सेंटर में भारी भींड है।

■ 31 दिसम्बर को नव वर्ष को लेकर भारी चहल - पहल रही

खास खबर











### रात 12 बजे आतिशबाजी कर जमकर थिरकेंगे युवक

न्यू ईयर के अवसर पर भारी ठंड के कारण शहरों से पहुंचने वाले लोग पर्यटन स्थलों में खासकर सिकासार, सोढूर मेचका में विश्राम गृह के सामने जगह - जगह अलाव जलाकर रिकार्डिंग डांस करते नजर आते हैं। परिवार के साथ लोग यहां खुशिया मनाते है और रात 12 बजते ही जमकर आतिशबाजी फटाखे फोड़कर युवक - युवतिया थिरकते नजर आते है। मानो न्य ईयर की खुशी में सभी लोग जश्न मनाते दिख रहे है।

# जोगीडीपा स्कूल भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



**छुईहा बेलर।** क्षेत्र के ग्राम जोगीडीपा में प्राथमिक पाठशाला कमार पारा जोगीडीपा, प्राथमिक शाला बस्ती पारा जोगीडीपा में भवन की मांग 10 वर्षों से की जा रही थी। क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच रामजी साहू, उप-सरपंच नेतराम सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, नवनिर्वाचित विधायक जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं रोहित साहू,पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला ने ग्राम को नवीन भवन दिलाने आवाज बुलंद करते रहे। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुआ और इस समय बनकर तैयार ह हुआ। 30 दिसम्बर को राजिम विधायक ने नवीन भवन प्राथमिक शाला कमार पारा जोगीडीपा 9लाख 45 हजार और नवीन भवन प्राथमिक शाला बस्ती पारा जोगीडीपा 9 लाख 45 हजार का उद्घाटन हुआ। विधायक रोहित साहू ने कहा जब भी इस गांव आता मांग आया करता था, मेरे लिए यह पहली प्राथमिकता में था। मुझे भी खुशी है बच्चों को नया भवन मिल गया। अब और प्रभावी ढंग अच्छे से पढ़ाई सिखने सिखाने का अवसर प्राप्त कर सकेगें। समाज, परिवार की रीढ़ की हड्डी है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था कर रहे हैं। विधायक ने पालक,स्टाप समन्वय बनाकर बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे, अच्छा रिजल्ट लाने का प्रयास करें। इस मौके पर पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू, जिला पंचायत सदस्यी चन्द्रशेखर साहू, सरपंच गजेश्वर सिन्हा, रामाधार साहू उपस्थित थे।

# बैंक में सुविधाओं का अभाव ग्राहकों को नहीं मिल रहा फायदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

स्थानीय बैंकों में अभाव के चलते भटकना पड़ रहा है। किसानों व ग्रामीणों की बैंक नहीं होने के कारण गरियाबंद राजिम के चक्कर काटने पड़ते हैं। इससे पहले पाण्डुका में मिनी स्टेट बैंक के रूप में ग्राहकों का खाता खुल जाता था। पाण्डुका के अंतर्गत आने वाले गाँवो में जनधन के तहत खुलने वाले खाते में ही लेनदेन बिना किसी चार्ज के हो जाता था। ऐसे में कोई समस्या आने पर स्टेट बैंक के रिटेलर सेंटर चलाने वाले से जाकर समस्या का समाधान कर लेते थे। लेकिन अब वो भी नहीं हो रहा लोगों को अब अपनी खाता से पैसा निकालने चॉइस सेंटर जाना पड़ रहा है। पढ़े लिखे युवा भले एटीएम का उपयोग कर रहे है। ग्रामीण महिलाएं बुजुर्ग आज भी इन सब में पीछे है इसमें प्रति 1000 रुपये में 10 रुपया चार्ज देना पड़ रहा। अगर 10 हजार अपने खाते से निकालते है तो सौ रुपया खर्च करना पड़ता है। जो कि स्टेट बैंक होने से ग्राहकों की बचत हो सकती है। ऐसे खाता बन्द होने या किसी अन्य प्रकार की जानकारी पैसा जमा करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गरियाबंद जाना पड़ता है। वहाँ भी लोगो की पसंद सबसे बड़ी बैंक होने के बावजूद सुविधा का अभाव है यहाँ भी पहले चेक जमा करने का मशीन हुआ करता था जिससे लोगो को अपना चेक डालने के कुछ देर बाद ही पैसा खाते में चला जाता था। लेकिन अब चेक जमा करने बाद इमरजेंसी होने की बात जल्दी करने की बात कहने पर भी इन्जार कराया जाता जो कि शाम तक डलने की बात कहा जाता है ऐसे में जमाकर्ता में नाराजगी रहती है। खाता बन्द होने से बैंक फिर से चालू करने चक्कर काटना पड़ता है।

■ समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक से मुलाकता की

**मुड़ागांव(कोरासी)।** भाजपा मण्डल पाण्डुका के भाजपा कार्यकर्ता विरेन्द्र कुमार साहू, कृष्ण कुमार पटेल, दिनदयाल विश्वकर्मा, रामजी ध्रुव,रामनाथ साहू, सुरेश पटेल, शत्रुघन डाक्टर दिनेश सेन ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के निवास पहुंच कर उनसे मुलाकात की और ग्राम कनेसर के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही गैदूराम निर्लकर ने भाजपा प्रवेश किया।

### रविवि में आनलाइन परीक्षा फार्म जमा करने की प्रक्रिया शुरू

**छुरा।** पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा 2023_24 का ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। महाविद्यालय में अध्यनरत नियमित / अमहाविद्यालय /भूतपूर्व एवं पूरक के समस्त विद्यार्थी जो स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा देना चाहते हैं बिना विलंब शुल्क के साथ 5 जनवरी तक निर्धारित समय में महाविद्यालय में उपस्थित होकर संलग्न छाया प्रति के साथ जमा करें संलग्न दस्तावेजों में परीक्षा आवेदन फॉर्म एक प्रति पिछली उत्तीर्ण कक्षाओं की अंकसूची की छाया प्रति निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, की स्वप्रमाणित छाया प्रति ,आधार कार्ड ,गेप सर्टिफिकेट नोटरी द्वारा हस्ताक्षरित हो तो कक्षा दसवीं बारहवीं की अंकसूची की छाया प्रति सभी को जमा करना अनिवार्य है शासकीय कचना धुर्वा महाविद्यालय का परीक्षा शाखा द्वारा सूचना जारी किया गया है यह जानकारी डॉ .विनीत कुमार साहू सहायक अध्यापक ने जानकारी दिया

# मड़ई मेला खुशी और समृद्ध संस्कृति का प्रतीक : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम जोगीडीपा के धार्मिक स्थल माता कर्राबाघीन में ग्राम जोगीडीपा, फुलझर, बोड़की , चरौदा, चरभट्ठी के ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिवर्ष होने वाले मड़ई मेले का आयोजन 30 दिसम्बर को किया गया। मड़ई मेला आयोजन में मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू थे। अध्यक्षता महासमुंद सांसद चुन्नी लाल साहू ,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच बोड़की रामजी साहू, सिर्रीखुर्द पूर्व सरपंच विजय कंडरा, सेंदर पूर्व सरपंच रामाधार साहू ,मोती राम निषाद, ओमप्रकाश साहू, सरपंच गजेश्वर सिन्हा आदि थे।

सभी अतिथियों ने माँ कर्राबाघीन की पावन धारा में पहुंचने पर विधिवत पूजा अर्चना किया और लोकल्याण एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मड़ाई में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारे अंचल में होने वाला मड़ई मेला खुशियों और समृद्धि के साथ एकता का प्रतीक है। मड़ई मेला के माध्यम से हमारी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। यह कार्यक्रम पारंपरिक संस्कृति का हिस्सा है। जिसे समाज द्वारा अभी भी जीवंत रखा गया है। हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित देवी देवताओं पारम्परिक रीति रिवाज से पूजा करने की सीख मिलती है। विधायक ने कहा कि इस पारंपरिक संस्कृति को सहेज के रखते हुए आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि मड़ई गांव की पारंपरिक संस्कृति से जुड़ा हुआ है। गाँव की सुख समृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष इसका आयोजन किया जाता है।

■ जोगीडीपा के धार्मिक स्थल कर्राबाघीन माता में आयोजन



### आयोजन से समसरसता का विस्तार

जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि हमें प्रत्येक वर्ष माँ कर्राबाघीन का आशीर्वाद मिलता है। पूर्व वर्षों में भी हमेशा इस गाँव के प्रत्येक कार्यक्रम में हम सहभागी रहे हैं। ऐसे नित आयोजन ग्राम में समरसता का विस्तार करती है। गाँव के विकास के लिए जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

पाण्डुका क्षेत्र के अनेक गांवों में पहुंची कलश यात्रा

# भजन, कीर्तन के साथ गांवों में अक्षत कलश का स्वागत

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका

अयोध्या से निमंत्रण स्वरूप पहुंची पूजित अक्षत कलश यात्रा गावों में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। वहीं फूलों से सुसज्जित अक्षत कलश पाण्डुका के गायत्री मंदिर से अनेक गांवों में अक्षत कलश का वितरण किया गया।

जिसको लेकर गांवों में जोर - शोर से तैयारी किया गया था। वहीं गांव पहुंचने पर ग्रामीण सनातन प्रेमियों ने बाजे - गाजे के साथ पुष्पवर्षा कर नगर भ्रमण कर जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें ग्राम मुरमुरा में शीतला मंदिर से होते हुए नगर भ्रमण कर हनुमान मंदिर कि ओर ले जाया गया और इस यात्रा में गांव के छोटे छोटे बच्चे तथा महिलाएं व पुरुष उत्साहीत होकर भाग लिया गया। पाण्डुका क्षेत्र के मुरमुरा, रजनकटा, अतरमरा, कुम्हरमरा, सड़कडा, कुटेना, खटटी, सहित आदि गांवों में अक्षत कलश का नगर भ्रमण कर भव्य स्वागत किया गया।



### कलश को सिर पर रखने उत्साहित रहे लोग

22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आमंत्रण स्वरूप अक्षत कलश को सिर पर रखने उत्साहित रहे तथा आयोध्या में राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन हर सनातनी की वर्षो पुरानी यह अभिलाषा 22 जनवरी को पूरी होने जा रही है, जिसको लेकर सिर्फ आयोध्या ही नही बल्कि पूरे देश में उत्साह का माहौल है और हर कोई इस अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने को उत्सुक दिखाई दे रहा है।




